ननि के सफाई कर्मचारी कामबंद हड़ताल पर बैठे, सफाई चौपट

नियमित किए जाने सहित कई मांगें रखी, महापौर के आश्वासन पर दोपहर हड़ताल समाप्त

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, रीवा नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार की सुबह से कामबंद हड़ताल शुरू कर दी है. सभी सफाईकर्मी नगर निगम कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की, सुबह से दोपहर तक सफाई कर्मी डटे रहे. हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है, चारो तरफ गंदगी फैली है और कचरे का ढ़ेर लगा है.

महापौर, आयुक्त पहुंचे और आश्वासन दिया, उसके बाद दोपहर हड़ताल समाप्त हो गई. नियमित किये जाने, आवासीय व्यवस्था और अवकाश प्रदान करने सहित कई मांगो को लेकर सफाई कर्मचारी संघ के आवाहन पर कामबंद हड़ताल शुरू की गई है. संघ के अध्यक्ष सीताराम ने बताया कि कई बार महापौर एवं नगर निगम आयुक्त से समस्या बताने के साथ मांग पत्र सौपा गया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई. कामबंद हड़ताल का अल्टीमेटम दिया गया था और तय मुताबिक शनिवार की सुबह से कामबंद हड़ताल शुरू कर दी गई है. सुबह 11 बजे डिप्टी कमिश्नर सफाई कर्मियों से मुलाकात कर समय मांगा है और कहा कि अधिकारियों से बात कर मांगो का निराकरण कराया जायेगा. सफाई कर्मियों की मांग है कि जो 10-12 साल से काम कर रहे है उन्हे नियमित किया जाय और शनिवार को एक दिन का अवकाश देने के साथ आवास की व्यवस्था दी जाय. इसके साथ ही बिना नोटिस के जिन सफाई कर्मियों को हटाया गया है उन्हे वापस रखा जाय. तभी काम पर सफाई कर्मचारी लौटेंगे.

महापौर ने की मांगों पर अध्यक्ष से चर्चा

कामबंद हड़ताल पर डटे सफाई कर्मियों से महापौर अजय मिश्रा बाबा एवं नगर निगम आयुक्त डा. सौरभ सोनवणे ने मुलाकात की और मांगे पूरी किये जाने का आश्वासन दिया. महापौर ने नियमित किये जाने की मांग को शासन के पास भेजने की बात कही. साथ ही जिन सफाई कर्मियों को निकाला गया है उनका परीक्षण कर गुणदोष के आधार पर वापस लिये जाने का आश्वासन दिया. जिसके बाद कामबंद हड़ताल समाप्त हो गई.

तहसीलदार के औचक निरीक्षण में गायब मिले बीस हजार वारदाने

खरीदी केन्द्र प्रभारी रहे नदारत

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, जिले भर में इस समय धान खरीदी की जा रही है. जहा वारदानो की कमी के चलते समय पर धान की तौल और उठाव नही हो पा रहा है. लिहाजा इस ठंड में किसान परेशान हो रहे है. कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर सिरमौर तहसीलदार ने सेवा सहकारी समिति उमरी के वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया, जहा वारदाने गायब मिले.

औचक निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार अनुपम पाण्डेय द्वारा यहां पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए पत्र एसडीएम सिरमौर को प्रेषित कर दिया है. औचक निरीक्षण के संबंध में तहसीलदार सिरमौर अनुपम पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि रीवा कलेक्टर और सिरमौर एसडीएम के निर्देश पर सेवा सहकारी समिति उमरी सिरमौर के वेयरहाउस का आज औचक निरीक्षण किया गया. यहां पाया गया कि कुल 66 हजार वारदाने दिए गए थे जिनमें से खरीदी केंद्र के ऑपरेटर आशुतोष प्यासी द्वारा महज 45 हजार 99 वारदाने का हिसाब दिया गया जबकि मौके से 20 हजार से ज्यादा वारदाने कम मिले हैं, जिनका हिसाब नहीं मिल पाया है. तहसीलदार ने बताया कि खरीदी प्रभारी को पूर्व में निरीक्षण की सूचना दी जा चुकी थी इसके बावजूद भी वह मौके पर उपस्थित नहीं थे. बताया कि मौके का निरीक्षण करने के बाद यहां वरदानों की कमी के साथ खरीदी केंद्र प्रभारियों की उपस्थिति ना होना कई प्रकार के संदेहो को जन्म देता है जिसके चलते मौके पर ही पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए रीवा कलेक्टर सहित एसडीएम सिरमौर को पत्र भेजा गया है इसके साथ ही खरीदी केंद्र प्रभारी से जवाब तलब किया गया है. उल्लेखनीय है कि जिले भर में इस समय धान की खरीदी की जा रही है. इस कड़ाके की ठंड में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे है. लेकिन खरीदी केन्द्रो में अव्यवस्था के चलते किसानो का परेशान होना पड़ रहा है. खरीदी केन्द्रो में मनमानी का दौर जारी है. जिसके कारण किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. समय पर तौल और उठाव न होने के कारण किसानो के खाते में पैसा नही पहुंच पा रहा है. जब तक परिवहन नही होता तब तक भुगतान नही हो पाता.

संक्षिप्त

उप चुनाव के दौरान शराब बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

रीवा. रीवा और मऊगंज जिलों में उप चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय के लिए मतदान 29 दिसम्बर को कराया जाएगा. उप चुनाव के दौरान संबंधित क्षेत्रों में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व शराब की दुकानें बंद रहेंगी और इसका क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा. इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं. जिन ग्राम पंचायतों में मतदान होना है उन ग्राम पंचायतों की सीमा से पाँच किलोमीटर की परिधि में आने वाली सभी शराब की दुकानें बंद रखी जाएंगी. जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के मामले में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत की भौगोलिक सीमा की परिधि में स्थित सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी.

जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 31 को

रीवा, मऊगंज जिले में नजूल भूमि आवंटन के प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 31 दिसम्बर आयोजित की गई है. बैठक कलेक्ट्रेट मऊगंज सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी कलेक्टर संजय कुमार जैन ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में नियत समय में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं.

डॉ. धीरेन्द्र तिवारी बने अध्यक्ष

रीवा, भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्य शाखा की वर्ष 2026 की कार्यकारणी बैठक सम्पन्न हुई. वर्ष 2026 के अध्यक्ष पद के लिए डॉ धीरेन्द्र तिवारी को चुना गया. वहीं सचिव पद के लिए एक बार फिर से डॉ अमित त्रिपाठी को सर्वसम्मति से चुना गया. उप अध्यक्ष पद के लिए डॉ हर्षद पांडे एवं डॉ एस एन तिवारी को चुना गया. सह सचिव पद के लिए डॉ रुनझुन अग्रवाल को एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ सचिन राय को चुना गया. संपादक पद के लिए डॉ प्रेरणा राय को, सी डी ई पद के लिए डॉ अभिषेक मनी तिवारी को, सी डी एच पद के लिए डॉ धनेश वर्मा को, तथा स्टेट ब्रांच रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए डॉ पल्लवी को चुना गया. इस वर्ष संघ की कार्यकारणी में डॉ मोईन ओवैसी, डॉ रोहित सिंह, डॉ प्रतिभा सिंह एवं डॉ विन्नी सराफ को भी जोड़ा गया. वर्ष 2027 के अध्यक्ष पद के लिए डॉ जयपाल सिंह को चुना गया.

रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति ने मन मोह

रीवा, रोज पेटल हायर सेकेंडरी स्कूल रीवा का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रंगारंग के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुर्वैदिक कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. आशुतोष द्विवेदी रहे. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देशभक्ति पर्यावरण एवं वृद्धि जनों को समर्पित कार्यक्रम प्रस्तुत की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आशुतोष ने छात्रों को संबोधित करते हुए कड़ी मेहनत, लगन, निष्ठा व ईमानदारी से अध्ययन करने की प्रेरणा दी व संस्कार युक्त समाज को दिशा देने की लिए आग्रह किया. सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में संस्कार युक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए विद्यालय के संचालक सुरेश देश पाण्डेय और श्रीमती शारदा देश पांडे के कृतित्व पर कृतज्ञता ज्ञापित किया, साथ ही डॉ कुंदेस्वर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में मेधावी छात्रों, खिलाड़ियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया, आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संचालक शांतनु देशपांडे ने किया. प्रमुख रूप से सेवानिवृत प्राचार्य व टीआरएस कॉलेज रीवा गवर्निंग बॉडी के मेंबर राजेंद्र सिंह, अंकिता देश पांडे, संस्था प्राचार्य हरीश सिंह, एस के दीक्षित, एल डी वर्मा उपस्थित रहे.

यातायात नियम तोड़ने वाले 6 वाहनों का चालान

मऊगंज, मऊगंज में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया. जिसमें कुल 6 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई के दौरान 4 वाहन नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करते पाए गए जिन पर नियमों के तहत जुर्माना लगाया गया. सभी वाहनों से कुल 17,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया.यह अभियान पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है. यातायात पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है. यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नो एंट्री क्षेत्रों में प्रवेश न करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

डीईओ ने किया औचक निरीक्षण

रीवा, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा द्वारा सिलपरा एवं निपनिया विद्यालय का औचक निरीक्षण किया. जहा छात्रों एवं शिक्षको की उपस्थिति की जांच की गई और साफ सफाई के साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम बढ़ाने के निर्देश दिये गये. कम छात्र संख्या पर नाराजगी जताई गई, निरीक्षण में सहायक संचालक राजेश मिश्रा मौजूद रहे.

चने की भाजी खाने से एक की मौत

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, रीवा के गढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत गढ़ में चने की भाजी खाने से उपचार के दौरान एक की मौत हो गई.

तीन लोगो की भोजन के बाद हालत बिगड़ी थी जहा उपचार के दौरान एक की मौत हो गई. दरअसल खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था और इसकी जानकारी नही थी. भाजी खाने से एक ही परिवार के तीन लोगो की हालत बिगड़ी थी. बीते 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत गढ़ निवासी श्याम कली कोल खेत से चने की भाजी तोड़कर लाई थीं. रात लगभग 9:00 बजे भाजी पकने के बाद, परिवार के तीन सदस्यों शंकर कोल उर्फ बंटी पिता हिंगलाल कोल पत्नी श्याम कली और पुत्री साधना ने इसका सेवन किया. भोजन के उपरांत रात 10:00 बजे से ही तीनों की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें लगातार उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई. स्थानीय चिकित्सकों द्वारा स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इलाज करने से मना कर दिया गया, जिसके बाद तीनों को तत्काल रीवा स्थित संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया.

दो दिन के उपचार के बाद पति-पत्नी घर लौट आए थे. हालांकि, 26 दिसंबर को शंकर कोल की स्थिति पुन: बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें दोबारा संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया. दोपहर 12:00 बजे उपचार के दौरान शंकर कोल का स्वर्गवास हो गया. जानकारी के अनुसार चने की फसल में कीटनाशक का छिड़काव था.

ट्रक चालक पर हमला कर एफसीआई का चावल चोरी, आरोपी फरार

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, शहर के चोरहटा थाना अन्तर्गत मैदानी पेट्रोल पम्प के पास बीती रात 9.30 बजे ट्रक चालक पर जानलेवा हमला कर चावल की चोरी की गई. आधा दर्जन की संख्या में आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गये. फिलहाल चोरहटा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

सेमरिया क्षेत्र के पटेहरा बेयर हाउस से एफसीआई का चावल लेकर ट्रक चालक सज्जन साकेत पीटीएस स्थित एफसीआई के गोदाम जा रहा था. जैसे ही वह मैदानी स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तो नो इंट्री होने के कारण ट्रक को खड़ा कर दिया, इसके बाद खाना खाने लगा. तभी दो की संख्या में पहुंचे आरोपी चावल उतारने लगे. जब ट्रक चालक ने मना किया तो अन्य आरोपी भी पहुंच गये और मारपीट शुरू कर दी. इसी दौरान चालक सज्जन साकेत के सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया. परिचालक ने इसकी सूचना 112 पुलिस को दी, जब तक पुलिस पहुंची तब तक आरोपी फरार हो गये थे. चालक के मुताबिक कई महिलाएं भी बीच बचाव करने पहुंची थी. मौके पर दो बोरी चावल मिला है ट्रक से कितने बोरी चावल चोरी गया यह जांच का विषय है. ट्रक के संचालक अजीत सिंह ने बताया कि उनका ट्रक चालक पटेहरा स्थित ओम इंडस्ट्रीज वेयर हाउस से चावल लोड़ कर एफसीआई के पीटीएस स्थित गोदाम जा रहा था. नो इंट्री के कारण रात 9.30 बजे मैदानी पेट्रोल पम्प के पास ट्रक खड़ा किया जहा यह वारदात हुई. चोरहटा थाने में मामले की शिकायत की गई है, पुलिस जांच कर रही है.

सीईओ और एडीएम ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर और अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

सीईओ जिला पंचायत ने बरहा, मनिका, चंद्रपुर, सोहरवा, त्योंथर में बनाए गए धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया. वहीं अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने सेमरिया स्थित सतगुरु वेयरहाउस तथा सेमरिया मण्डी धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने मौजूद किसानों से सीधे संवाद किया और उनसे पंजीयन, मैसेज प्राप्ति और तुलाई में होने वाली सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि धान की तुलाई और भंडारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. धान की आवक के अनुसार पर्याप्त संख्या में हम्मालों की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को केंद्र पर लंबा इंतजार न करना पड़े और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए. खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अधिकारियों ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल पर डेटा की तत्काल एंट्री करने के भी निर्देश दिए.

कांग्रेस का स्थापना दिवस आज

रीवा, 27 दिसम्बर, जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के 141 वें स्थापना दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में आज 03:00 बजे किया गया हैं. इस अवसर पर कांग्रेस जनों द्वारा कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के प्रति किये गये विभिन्न कार्यो पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जावेगा. जिला अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

नहर में गिरे किशोर की तलाश में एसडीआरएफ की टीम

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, चोरहटा थाना अन्तर्गत नौवस्ता के पास पुरवा नहर में बीती शाम शौच क्रिया के दौरान एक किशोर गिर गया और तेज बहाव में बह गया.

पास खड़े उसके चाचा ने बचाने का प्रयास किया लेकिन किशोर गहराई में डूब गया. चोरहटा पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी और शनिवार की सुबह से किशोर की तलाश शुरू की गई. लेकिन कही पता नही चला है. बाणसागर के पुरवा नहर से पानी बंद कराया गया है. बताया गया है कि मनिकवार थाना क्षेत्र के इटार गांव निवासी प्रिंस साकेत पिता यज्ञ नारायण साकेत 17 वर्ष अपनी बुआ के यहा नौवस्ता घूमने आया था. शुक्रवार की शाम 6 बजे शौच के लिये नहर गया था. जहा फिसल कर तेज बहाव में बह गया. एसडीआरएफ तलाश में जुटी है.

सांसद खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, रीवा और मऊगंज जिले में सांसद खेल महोत्सव का समापन हो गया है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं ने अपना दमखम दिखाया.

समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया. इस महोत्सव ने विंध्य क्षेत्र के युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान किया जहाँ वे अपनी नैसर्गिक क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें. खेल महोत्सव में अभूतपूर्व जनभागीदारी देखने को मिली. पूरे आयोजन के दौरान दोनों जिलों से कुल 63 हजार खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया. मऊगंज जिले में कुल 1150 खिलाड़ी फाइनलिस्ट के रूप में उभरे, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया. वहीं रीवा जिले में लगभग 1600 खिलाड़ियों ने फाइनल तक का सफर तय किया और पुरस्कार प्राप्त किए. विजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र और खेल किट वितरित कर सम्मानित किया गया मंडल स्तर से शुरू हुई यह प्रतिस्पर्धाएं ब्लॉक स्तर से होते हुए जिला स्तर के रोमांचक फाइनल तक पहुँचीं, जिसमें ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं ने अपनी खेल कुशलता का लोहा मनवाया. स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक नागेंद्र सिंह, विधायक मनगवां नरेंद्र प्रजापति, तथागत मिश्र कबीर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

अधूरा नाला निर्माण से दुकानदार और स्थानीय लोग परेशान

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, रीवा शहर के नगर निगम क्षेत्र वार्ड क्रमांक 45 कुठुलिया में निर्माणाधीन नल को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है.

स्थानीय निवासी एवं दुकान संचालको ने नगर निगम के इंजीनियरो पर मनमानी का आरोप लगाया है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह निर्माणाधीन नाला तकरीबन डेढ़ सौ मीटर का पास था जिसमें से 70 मी का निर्माण कार्य किया गया है जबकि 80 मीटर का निर्माण कार्य शेष है. बताया गया कि नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने मनचाहे लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए नाले का आकार ही बदल दिया गया है और महज 70 मीटर में लाकर नाले का निर्माण कार्य रोक दिया गया है. वहीं दुकान संचालकों ने बताया कि उनके दुकान के सामने नाले की खुदाई कर दी गई है. जबकि बीते दो माह से निर्माण कार्य बंद पड़ा है जिसके चलते उनका व्यापार प्रभावित है और दुकान बंद हैं.

धौंचट में खेत से टमाटर तोड़ कर केमिकल से पकाया जा रहा

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 दिसम्बर, अगर आप हरी सब्जियां खा रहे है तो सतर्क हो जाइए. केमिकल से पका कर सब्जियां बाजार में परोसी जा रही है.

इंजेक्शन लगाकर फलो को बड़ा किया जाता है लेकिन अब केमिकल में डाल कर टमाटर जैसी सब्जी को पका कर बाजार में परोसा जा रहा है. इतना ही नही टमाटर को लाल बनाने के लिये एथिफिनोल का इस्तेमाल किया जा रहा है. ताजा मामला जिला मुख्यालय से महज 10 किलो मीटर दूर धौंचट गांव का सामने आया है. अतुल जायसवाल नामक किसान टमाटर की खेती कर रहा है जहां कच्चे टमाटरों को पेड़ से

तुड़वाकर केमिकल युक्त पानी में डुबो कर पकाया जा रहा है. जिससे टमाटर कुछ ही घंटे में पक जाते है और दिखते हैं एक दम ताजा और लाल. ऐसे टमाटर खाने से सेहत पर खतरनाक असर पड़ने के साथ कई बीमारियां पकड़ सकती है. अब सवाल यह उठता है कि खाद्य सुरक्षा टीम एवं प्रशासन की नजर क्यो नही पड़ी. केमिकल युक्त पानी में डुबो कर टमाटर को पकाया जाना नियम के तहत है या नही, किस तरह से धौंचट में टमाटर को पकाया जा रहा है यह जांच का विषय है.

अब सवाल उठता है कि यह केमिकल कौन बेच रहा है और किसान इसका इस्तेमाल क्यों कर रहा है और प्रशासन क्या कर रहा है.

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)
क्रमांक/प्रवा./अपर कले./25 सतना दिनांक 25/11/2025

// सार्वजनिक सूचना //

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षित सिंह पिता श्री कृष्ण प्रताप सिंह उम्र-21 वर्ष (03/02/2004), स्थिति- अविवाहित स्थायी निवासी-देवमउ दलदल थाना व तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.) 485001 एवं आवेदिका तनु यादव पिता श्री दिवाकर यादव उम्र-22 वर्ष (04/04/2004) स्थिति-अविवाहित, स्थायी निवासी वार्ड नं.4 सरकारी विद्यालय के पास रहट थाना चोरहटा तहसील हूजूर जिला रीवा (म.प्र.) 486446 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 21/11/2025 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)